प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक– 26.03.2025

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्त गिरफ्तार–**
दिनांक 26.03.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री नवीन कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. करेशन पुत्र रूहला निवासी पंजीबी होटल के सामने रामपुर तिराहा थाना छपार, मुजफ्फरनगर व 2. संजय पुत्र रूपचन्द पाल निवासी ग्रामी भोजाहेडी थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को फ्लाईओवर जहीरपुर अन्डरपास के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 स्पलैण्डर मोटर साईकिल नम्बर यूपी 15 एजेड 5367 बरामद की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 52/2025 धारा 317(5) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना मंसूरपुर पुलिस एवं थाना सिखेडा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी के 02 अभियोग का सफल अनावरण, 04 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
दिनांक 25.03.2025 को थाना मंसूरपुर पुलिस एवं थाना सिखेडा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0 33/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना सिखेडा व मु0अ0सं0 81/25 धारा 305 बी बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. हिमांशु पुत्र विजयपाल 2. कार्तिक पुत्र अमित 3. शेखर पुत्र राजू व 4. अरविन्द पुत्र प्रदीप निवासीगण ग्राम मंसूरपुर थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को फ्लाईओवर की नीचे अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 02 मोटर साईकिल, 02 तमंचे मय 04 जिंदा कारतूस 315 बोर व 02 नाजायज चाकू बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूरपुर पर मु0अ0सं0 83/25 धारा 4/9/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**
दिनांक 26.03.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिव सिंह नागर मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र राजबल निवासी ग्राम व थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को कुरावा रोड पर टयूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना भौराकलां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 31/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 26.03.2025 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री किशन सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2012/17 धारा 452,323,504,506 भादवि में वारंटी अभियुक्तगण 1. अलीहसन पुत्र छोटा 2. खलील पुत्र सलील व 3. जाहिद पुत्र शमशाद निवासीगण ग्राम घासीपुरा थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 26.03.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री आरिफ अली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 73/2025 धारा 191(2),191(3),190,109,352,351(2) बीएनएस व 3(2)वी एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त मोहित पुत्र निर्भय हाल निवासी अद्वैत विहार थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गंग नहर नहर के पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।